केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/215 दिनांक: 10.06.2016
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00214
CICOM/R/2016/00451

अपीलकर्ता : श्री संजय कुमार शुक्ला,
प्रबंध संपादक,
180, ए.बी., पाटलीपुत्रा कालोनी,
पटना – 13.

निर्णय की तारीख : 10.06.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 29.03.2016 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 09.04.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री योगेश कुमार सिंहल |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 19.04.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 135668/16.05.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 283/16.05.2016 |

1. अपीलकर्ता द्वारा आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से सूचना अधिकार अधिनिमय की धरा 20(1) के तहत वसूल की गई दंड राशि का अनुपाल से संबंधित सूचना मांगी थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री योगेश कुमार सिंहल, संयुक्त सचिव व जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना कि *"मांगी गई सूचना के संदर्भ में अवधि अर्थात किस तिथि से किस तिथितक सूचना चाहिए, इसका उल्लेख नहीं किया गया है, इस स्थिति में सूचना प्रदान करना संभव नहीं है"* से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. अपीलकर्ता ने प्रथम अपील आवेदन में अनुरोध किया है कि वसूल की गई दंड राशि का अनुपालन प्रतिवेदन जब से तैयार किया गया है उसकी सत्यापित प्रति उपलब्ध करवाई जाए । **तद्रुसार श्री किशोर कुमार पोखराल, अनुभाग अधिकारी व जन सूचना अधिकारी (विधि अनुभाग) को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के 15 दिनों के अंदर अपीलकर्ता को वांछित सूचना उपलब्ध करवाई जाए ।**

3. तद्रुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्रापति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
13 JUN
Initials

C.I.C./के० सू० आ०
ISSUED
Initials

अचला सिन्हा
(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :
1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री किशोर कुमार पोखराल, अनुभाग अधिकारी व जन सूचना अधिकारी (विधि अनुभाग), केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

13/6/16
13/6/16